तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री


न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 12 जून 2025

13 टेढ़े-मेढ़े पेड़ों की कटाई अब कुल्हाड़ी से, वन विभाग...



14 चावल लेने के लिए 9 किलोमीटर का सफर...








## NEET/JEE के लिए भिलाई सुपर 30 में प्रवेश प्रारंभ-आनंद कुमार

जो छात्र NEET व JEE की तैयारी करना चाहते है उनके लिए एक सुनहरा अवसर है कि सुपर 30 भिलाई में नामांकन टेस्ट प्रारंभ हो गया है। इसमें 30 छात्रों को निःशुल्क NEET व JEE की तैयारी करवाया जाएगा, जिसका चयन प्रक्रिया ऑनलाईन व ऑफ लाइन परिक्षा के माध्यम से होगा। 30 चयनित छात्रों को आनंद कुमार के मार्गदर्शन में NEET व JEE का तैयारी करवाया जाएगा इसमें IITians डॉक्टर व एक्सपर्ट शिक्षकों के द्वारा पढ़ाया जाएगा, जिसमें 6 घंटे का क्लास प्रत्येक रविवार को NEET व JEE पर आधारित टेस्ट लिया जाएगा।

दिसंबर से सप्ताह में 3 टेस्ट व अप्रैल में प्रत्येक दिन टेस्ट लिया जाएगा। पिछले वर्ष 30 छात्रों में से 16 छात्रों का चयन हुआ, इस वर्ष 22 से अधिक छात्रों का चयनित होने की संभावना है। यह संस्था पूरे



भारतवर्ष में एकलौती संस्था है। एक नही तीन बार शत प्रतिशत छात्र चयनित हुए है। इसमें सभी वर्ग के लोग आवेदन कर सकते है। यह परिक्षा 12 व 13 जून को ऑनलाईन व ऑफलाइन होगा व परिणाम 14 जून को घोषित होगा।

इस तैयारी का मुख्य उद्देश्य ऐसे छात्रो का चयन करवाना है जो पैसो के आभाव में डॉक्टर व इंजीनियर बनने का अपना सपना पूरा नही कर पाते। यह एक समाजिक पहल है, जो छत्तीसगढ़ वासियों के लिए वरदान साबित होगा, क्योंकि सुपर 30 से कई बार पूरे के पूरे छात्र चयनित हुए है। अब आनंद सर के मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ वासियों को यह सुविधा मिल रहा है **अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 9243226707, 9202581591, 7415295273 पर संपर्क कर सकते है।**

ADVT.

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत

**महासमुंद।** ट्रैक्टर पलटने से उसमें बैठे युवक की मौत हो गई। सांकरा पुलिस को उत्तर कुमार पटेल ने बताया कि 10 जून को उसका पुत्र गोपेश पटेल शाम करीब 4 बजे घर से कौशल बंजारा के साथ जाने की बात कहकर निकला था। रात को मोबाईल से उसे सूचना मिली कि एनएच 53 रोड चैनडीपा के पास एक व्यक्ति की एक्सीडेंट हुआ है। जिस पर प्रार्थी शंका के आधार पर सीएचसी पिथौरा अस्पताल पहुंचा जहां जाकर देखा कि मृतक उसका पुत्र है। पूछताछ करने पर पता चला कि उसका पुत्र बिना नंबर के ट्रैक्टर में बैठकर ड्रायवर के साथ जा रहा था। ट्रैक्टर के चालक ने एनएच 53 रोड चैनडीपा के पास अपने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर ट्रैक्टर को पलटा दिया, जिससे उसके पुत्र को गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### मारपीट करने वाले चार लोगों पर अपराध दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली में एक युवक के साथ मारपीट करने के मामले में चार लोगों के खिलाफ



जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को कृष्णा बाघ निवासी वार्ड नंबर 11 बाजारपारा सरायपाली ने बताया कि 9 जून की रात करीब 9 बजे बस से सरायपाली शीतला मंदिर के पास से उतरा था, उसी समय रूपेश यादव मोटर सायकल से आया जिसके साथ वह बैठकर महलपारा बांधा तालाब के पास गया। जहां पर रूपेश यादव पुरानी रंजिश वश उसे गाली देकर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, तभी टिकेश्वर राव ऊर्फ टिकू, जीवन कौर, मुकेश राव तथा उसके मोहल्ले के लोग डंडा, राड लेकर आये और सभी ने मिलकर मारपीट की। बेहोश होने पर इलाज के लिए शासकीय अस्पताल सरायपाली ले जाया गया। इसके बाद उसने जिला अस्पताल महासमुंद से इलाज कराया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**बदलाव:** बरोंडाबाजार ने बदल ली अब अपनी पहचान, मवेशी बाजार के नाम पर कटती में नहीं जाएंगे यहां से गौवंश

# सूना हुआ बाजार..ध्वस्त हुआ गौ तस्करों का ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मवेशी तस्करों के लिए कथित मददगार होने और गौ हत्या के लिए मवेशियों की खरीदी बिक्री के भूमिका के चलते अपना मान खो चुके बरोंडाबाजार में अब गौवंश खरीदी बिक्री के लिए बाजार नहीं सजेगा। पिछले दो सप्ताह से यहां बाजार नहीं सजा, और इसके पहले भी इस अवैध बाजार पर आपत्ति के बाद अफसरों ने तत्काल इसे बंद करने कहा था। बता दें कि हर साल होने वाले मवेशी बाजार का विधिवत ठेका इस बार नहीं हुआ। कारण यह रहा कि कुछ स्थानीय लोगों ने यहां हो रहे आर्थिक लाभ को देखते हुए पंचायत द्वारा ही इसके संचालन का मन बना लिया गया। अवैध तरीके से वसूली और अधिक पैसे लेकर कम रकम की रसीद दिए जाने जैसे मामलों के उजागर होने के बाद इस अवैध बाजार के खिलाफ आवाज उठी और अफसरों ने इसके विधिवत संचालन पर ही अपनी सहमति जताई। जिसके चलते पिछले दो सप्ताह से बिना ठेका के यह बाजार संचालित नहीं हो पाया।





हरिभूमि

भाजपाई शासन में गौ तस्करों पर अफसरों की दिख रही मेहरबानी



**खरीदी बिक्री के लिए नहीं लगेगा बाजार**

### असल किसानों को नहीं मिल पा रहे मवेशी

यहां मौजूद स्थानीय ग्रामीण ने बताया कि मंगलवार को कुछ कोचिए यहां बाजार लगने की तस्दीक करने यहां पहुंचे थे। लेकिन, बुधवार को यह साप्ताहिक बाजार नहीं लगा। ग्रामीण बताते हैं कि यहां लाए जाने वाले गौवंश अधिकतर उम्रदराज ही रहते थे और खेती किसानी के लिए खरीदी करने वाले वास्तविक किसान यहां सालों से नजर नहीं आ रहे। आधुनिकता के चलते मवेशियों का श्रम खेती में उपयोग ही नहीं हो रहा। ऐसे में यहां के उम्रदराज गौ वंशों को कत्लखाना ले जाने के लिए खरीदा जाता और यहां से प्राप्त होने वाली पर्ची से परिवहन में बाधा नही पहुंचती।

### हर सप्ताह की जा रही थी 2 लाख की अवैध वसूली

हर सप्ताह यहां पर तकरीबन 400 से अधिक मवेशियों की खरीदी बिक्री होती थी। प्रत्येक मवेशी के खरीददार को मात्र 50 रुपए की रसीद दी जाती थी लेकिन, उससे 300 रुपए वसूले जाते थे, वहीं तकरीबन 250 रुपए मवेशी विक्रेता से भी अवैध रुप से वसूल किए जाने की बात सामने आई है।

### वसूली का बंदरबांट भी

पंचायत द्वारा की जा रही अवैध वसूली का मामला उजागर होते ही नेता, जनप्रतिनिधि और अफसर इस मामले में वसूली से पीछे नही रहे। कुछ हिंदूवादी संगठन के नेताओं की संलिप्तता सामने आई और एक आयोजन के लिए एक दल द्वारा यहां से सहयोग राशि लिए जाने की बात भी किसी से छिपी नहीं है। ऐसे ही यहां पहुंचने वालों आगंतुकों की भी काफी खातिरदारी होने की बात सार्वजनिक है।

# दुकानों में तीन माह का राशन लेने लग रही लंबी कतार, समय भी लग रहा ज्यादा

## बीपीएल कार्डधारी अधिक, 6 बार करना पड़ रहा ओटीपी के लिए इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

तीन माह का राशन लेने पहुंच रहे हितग्राहियों को समय भी अधिक लग रहा है। यह हितग्राहियों के साथ राशन दुकान संचालकों के लिए भी परेशानी का सबब बन गया है। प्रत्येक हितग्राही को राशन लेने आधा घंटा से अधिक समय के साथ सामान्य कार्डधारी को 3 बार और बीपीएल कार्डधारियों को 6 बार ओटीपी का इंतजार करना पड़ रहा है। मोबाइल नंबर आधार से लिंक न होने पर भी राशन दुकानों के चक्कर काटना पड़ रहा है। जिससे हितग्राहियों और सेल्समैन सहित सहकारी समिति के कर्मचारियों में आए दिन कहा-सुनी की नौबत आ रही है। बता दें कि शासन के निर्देशानुसार एक से 30 जून के बीच सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत जून से अगस्त माह तक 3 माह का चावल एक साथ हितग्राहियों वितरण करने का निर्देश मिला है। इससे पूर्व जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 553 व शहरी क्षेत्र के 40 कुल 593 उचित मूल्य की दुकानों में 3 माह के चावल भंडारण के निर्देश दिए गए। जिससे सेल्समैन सहित सहकारी समिति के कर्मचारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिले की कई उचित मूल्य की दुकानों में भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण उन्हें आसपास के अन्य शासकीय भवनों में चावल रखने की व्यवस्था करनी पड़ी। इधर, एक जून से तीन माह का चावल वितरण तो शुरू हो गया पर सेल्समैन सहित कर्मचारियों और हितग्राहियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



### हितग्राहियों को करना पड़ रहा लंबा इंतजार

हितग्राही धनीराम टंडन ने बताया कि वे सुबह 6 बजे से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं पर 11 बजे तक राशन नहीं मिल पाया है। इसी तरह मजदूर रामू यादव ने बताया कि वे तीन दिनों से मजदूरी कार्य छोड़कर राशन लेने आ रहे हैं आज उन्हें राशन मिला है। लक्की सेवई, धनेश्वर जोगी, तुषार ध्रुव आदि ने भी बताया कि लंबे इंतजार के बाद राशन मिल रहा है जिसके कारण काम-धाम छोड़कर यहाँ अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। कई लोग तो एक-दो दिन तक चक्कर लगा रहे हैं।

### चावल वितरण में क्यों हो रही देरी, क्या है समस्या

दुकानों में चावल वितरण में हो रही देरी पर हितग्राही सेल्समेन व कर्मचारियों पर नाराजगी व्यक्त करते नजर आए। विक्रेताओं ने बताया कि पहले हम एक दिन में 70-80 हितग्राही को चावल वितरण कर देते थे अब मुश्किल से 20-25 को ही वितरण हो पा रहा है। यदि साफ्टवेयर में सुधार कर एक ही बार ओटीपी लेकर तीनों माह का राशन वितरण की सुविधा दी जाती है तो काफी समय बचेगा।

### जल्द दूर होंगी समस्याएं: यादव

इन समस्याओं को लेकर जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि तीन माह के राशन वितरण में कुछ छुटपुट समस्याएं है जिसका समाधान शासन स्तर पर ही हो सकता है। 20 जून से जिले की सभी राशन दुकानों में नई पॉस मशीन का वितरण होना है। जिसके बाद राशन वितरण में समय कम लगेगा जिससे हितग्राही और सेल्समेन व कर्मचारियों को भी राहत मिलेगी।

# सात साल पहले किए काम की मजदूरी मांगने कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण

## मनरेगा के तहत तालाब गहरीकरण की मजदूरी अप्राप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मनरेगा के तहत कराए गए तालाब गहरीकरण की मजदूरी ग्रामीणों को सात साल बाद भी नहीं मिली है। इतना ही नहीं, रोजगार सहायक ने किसी भी ग्रामीण के जाब कार्ड में मजदूरी दिवस की एंट्री तक नहीं की है। परेशान मजदूर भुगतान के लिए पंचायत से लेकर कलेक्टर कार्यालय तक गुहार लगा चुके हैं। एक बार फिर वे मजदूरी की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे।

कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे ग्राम पंचायत झिलमिला व आश्रित गांव नवागांव के 50-60 ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2018-19 में 9.76 लाख रुपये की लागत से गहरीकरण किये जा रहे नवा तालाब में मजदूरी की, पर आज तक अपने काम की मजदूरी नहीं मिली। यहाँ जितने भी लोग हैं उनका 03 हफ्ते से लेकर 06 हफ्ते की मजदूरी आज तक नहीं मिली। उन्होंने बताया कि 210 रुपये प्रति दिवस के हिसाब से 4410 रुपये से लेकर 8820 रुपये मजदूरी बाकी है। रोजगार सहायक से जब भी मजदूरी मांगते हैं तो जवाब मिलता है कि खाते में चला गया है और बैंक जाकर पता करते है तो पेमेंट नहीं आया कहा जाता है। पिछले सात सालों से अपनी मेहनत की कमाई के लिए भटक रहे हैं पर कोई सुनने वाला नहीं है। उन्होंने रोजगार सहायक पर यह भी आरोप लगाया कि मुफ्त में बनने वाले जॉब कार्ड के लिए भी रोजगार सहायक ने मजदूरों से 200-200 रुपये लिया है। मालूम हो कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 15 दिवस में मजदूरों को उनके खाते में मजदूरी का भुगतान कर देना होता है और इसके लिए बकायदा निचले से ऊपर स्तर तक निगरानी होती है। बावजूद 07 साल तक मजदूरों को मजदूरी न मिलना पूरे सिस्टम पर एक प्रश्नचिह्न है। इस मामले में जिला पंचायत के सीईओ एस आलोक का कहना है कि जनदर्शन में शिकायत मिली है, जिसकी जांच कराई जाएगी और सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल, अब देखना होगा कि आखिर जांच कब तक होती है? और मजदूरों को मजदूरी कब तक मिलती है? साथ ही दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है?

**बिना अनुमति के टावर निर्माण की शिकायत कलेक्टर से**

# कृषि के लिए आबंटित भूमि में अवैध टावर निर्माण पर आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासन द्वारा कृषि के लिए आबंटित जमीन को लीज में देकर अवैध टॉवर निर्माण की शिकायत सामने आई है। मचेवा पंचायत से बिना अनुमति के उक्त टावर निर्माण की शिकायत कलेक्टर से की गई है।

ग्राम पंचायत मचेवा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9, स्वामी विवेकानंद वार्ड रमनटोला में बिना एनओसी, बिना पंचायत प्रस्ताव के ही 5जी नेटवर्क के लिए मोबाइल टावर का निर्माण कार्य कंपनी के द्वारा किया जा रहा है। जिस जगह पर मोबाइल टावर का निर्माण किया जा रहा है और बताया जा रहा है कि यहां पर 5G टावर का निर्माण हो रहा है, वह जगह रियाहशी क्षेत्र में शामिल है, जहां सैकड़ों परिवार निवासरत है। वहीं शासकीय जीएडी कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और वार्ड के क्षेत्र शामिल है। इस क्षेत्र के बीचो-बीच 5G टावर के निर्माण होने की खबर सुनते ही लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया, स्थानीय निवासियों के द्वारा ग्राम पंचायत में लिखित शिकायत भी की गई है, इसके साथ ही अनुभागीय अधिकारी कार्यालय में भी इसकी शिकायत की गई है, बार-बार नोटिस के बाद भी टावर निर्माण कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य पर रोक नहीं लगाया जा रहा है। बल्कि धड़ल्ले से प्रशासन के नाक के नीचे बिना किसी परमिशन के निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है।



### लीज में देने का नही प्रावधान

मचेवा पटवारी शशांक चंद्राकर से मिली जानकारी के अनुसार उक्त भूमि खसरा नंबर 118/1 में आता है, जिसे जीवन यापन के लिए पवन कुमार लहरे पिता विसंभर जाति सतनामी, रकबा .04 हेक्टेयर को 1981 में उनकी दादी के नाम जीवन यापन के लिए कृषि हेतु आबंटित किया गया था। यह भूमि शासन से प्राप्त भूमि है जो कृषि भूमि मद में दर्ज है। जिसे बेचने या फिर लीज पर देने का प्रावधान नहीं।

### नियमानुसार होगी कार्रवाई: एसडीएम

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरिशंकर पैकरा ने बताया कि, शासकीय आबंटित कृषि भूमि पर लीज देकर अवैध निर्माण करने की शिकायत प्राप्त हुई है, पट्टे की भूमि पर बिक्री या फिर लीज का प्रावधान नहीं है, पंचनामा की कार्रवाई कराई जा रही है, यदि गलत तरीके से नियम विरुद्ध कार्य हो रहे हैं तो छत्तीसगढ़ राजस्व पट्टा वितरण कर्णिका के नियम के तहत उसमें कारवाई की जाएगी।

### दो लोगों से कच्ची शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्रामीण इलाके में हो रही अवैध शराब बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग ने मंगलवार को अखराभाठा टुकड़ा निवासी सूरज बारीक के कब्जे से 30 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची शराब और शराब परिवहन में प्रयुक्त टीवीएस स्कूटी जूपिटर जब्त की। वहीं, ग्राम बेलडीही पठार निवासी चंद्रमणि मिरी के कब्जे से 15 बल्क लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 46(1), 46(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इस कार्रवाई में आबकारी वृत बसना प्रभारी दरसराम सोनी, आबकारी उपनिरीक्षक सांकरा वृत्त प्रभारी एचके त्रिपुड़े, पिथौरा वृत्त प्रभारी मिर्जा जफर बेग, एवं प्रधान आरक्षक राजकिशोर पांडे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### बीटीआई मार्ग चौड़ीकरण का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**महासमुंद।** शहर के बीटीआई रोड का चौड़ीकरण व बड़ी नाली निर्माण कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पुनः निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि कार्यारंभ होने के प्रथम दिवस से ही साहू ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता तथा पारदर्शिता बरतने के निर्देश संबंधित कार्य एजेंसी को दिए। साथ ही उन्होंने प्रतिदिन कार्यों का निरीक्षण करने की बात भी कही थी। इसी क्रम में साहू ने कार्यस्थल पर पहुंचकर इंजीनियर को निर्माण में गति लाने एवं पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के सख्त निर्देश दिए। साहू ने कहा कि शहरवासियों का यह बहुप्रतीक्षित मांग है, इस पर किसी प्रकार से लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, इंजीनियर उपस्थित थे।

MSD_BHOOMI_12_2025-02_Layout 1 11-Jun-25 9:55 PM Page 1



## खबर संक्षेप




### यूथ कांग्रेस ने दी शहीद एएसपी को श्रद्धांजलि

रायपुर। युवा कांग्रेस ने नक्सली हमले में शहीद हुए आकाश राव गिरपूंजे को कैंडल मार्च निकाल कर श्रद्धांजलि दी। जयस्तंभ चौक भी यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। युवा कांग्रेस ने सिटी कोतवाली से लेकर जयस्तंभ चौक तक श्रद्धांजलि मार्च निकाला। यूथ कांग्रेस ने कहा, शहीद आकाश राव का हमारे बीच से जाना अपूरणीय क्षति है। उनका बलिदान देश सदैव याद रखेगा।

### एटीएम में रकम जमा कराने गया, 35 हजार पार

रायपुर। टाटीबंध स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में मशीन के माध्यम से पैसे जमा करने पहुंचे एक व्यक्ति के 35 हजार रुपए चोरी हो गए। प्रार्थी संदीप कुमार मिश्रा निवासी हीरापुर कालोनी कबीरनगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी पत्नी के बैंक खाते में पैसे जमा करने के लिए टाटीबंध स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम आउटलेट गया था। मशीन में वह 35 हजार रुपए रखकर उसे जमा करने की प्रक्रिया पूरी कर रहा था, लेकिन वह कंफर्म बटन दबाना भूलकर एटीएम से बाहर आ गया। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने मशीन में कैंसिल का बटन दबाकर उसके रुपए निकाल लिए। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज किया है।

### शासकीय आयुर्वेद कॉलेज हॉस्टिपटल को भेंट दी 5 व्हीलचेयर

रायपुर। शासकीय आयुर्वेद कॉलेज हॉस्टिपटल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए 5 व्हीलचेयर प्रदान की गई। यह व्हीलचेयर निस्वार्थ भाव से सामाजिक कार्यकर्ता दीपेंद्र दीवान, डॉ. आशुतोष शुक्ला और क्लाउड, ग्रेसियस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट एवं जलसा ग्रुप भिलाई के सहयोग से दी गई हैं। इस अवसर पर शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर में अधीक्षक एवं प्राचार्य प्रवीण जोशी, मेडिकल ऑफिसर विवेक द्विवेदी, स्टीवर्ड सुरेंद्र कुमार रामटेक, स्टोरकीपर अब्दुल जाहिद, लीलास नर्सिंग कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल नीलू वर्मा समेत अन्य उपस्थित रहे।

### आरएसएस के संजय जोशी आज आएंगे

रायपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्णकालिक प्रचारक संजय जोशी



12 जून को प्रातः 8:45 पर रायपुर आ रहे हैं। यहां से वे बालोदाबाज़ार जाएंगे। वहां पर एक संगोष्ठी में शामिल होंगे। उनको बलौदाबाजार के पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा ने आमंत्रित किया है। वे 13 जून को प्रातः 8.50 बजे विमान द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## घोयनाबाहरा में धूमधाम से मनाया गया सत्य कबीर साहेब का जन्म उत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बोइरगांव (कोमाखान)

कबीर आश्रम घोयनाबाहरा कोमाखान में सत्य कबीर साहेब का जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें फल एवं ठंडा पानी, आम जुस ठंडा वितरण किया गया। जहां भारी संख्या में आम जन उपस्थित रहे। साहेब की पूजा अर्चना एवं संध्या पाठ के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष खेमदास मानिकपुरी, उपाध्यक्ष संतोषदास मानिकपुरी, ब्लाक अध्यक्ष गौतमदास मानिकपुरी, पूर्व अध्यक्ष भोलादास मानिकपुर, घनश्यामदास बिंद्रावन, गुरुशरण दास, नर्रा से जानकीदास, शिवदास, डालेश्वर दास, डोमनदास, छात्रदास, देवराजदास, मोक्षदास, शशिकला, उमाबाई, बसंती बाई, शांति बाई आदि मौजूद रहे।

# लघु वनोपज संघ का औषधीय पौधारोपण पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

## ग्राम लक्ष्मीपुर में कृषक सर्वे, 365 औषधीय पौधों की हुई मांग, किसानों में दिखा उत्साह





हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

स्थानीय वन काष्ठागार परिसर में जिला लघु वनोपज सहकारी संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय कृषि वानिकी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला कृषक भूमि पर लघु वनोपज और औषधीय प्रजातियों के पौधों के रोपण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित थी। उपप्रबंध संचालक एआर बंजारे द्वारा किसानों को औषधीय पौधों की महत्ता, तकनीकी जानकारी एवं व्यावसायिक संभावनाओं के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और सहयोग से किसान औषधीय पौधों की खेती को आय का मजबूत साधन बना सकते हैं।

कार्यशाला के दौरान ग्राम लक्ष्मीपुर में कृषक सर्वेक्षण भी किया गया, जिसमें किसानों ने औषधीय पौधों के प्रति रुचि दिखाते हुए कुल 365 पौधों की मांग की। इसमें ग्राफ्टेड आंवला के 212, ग्राफ्टेड जामुन के 14, आंवला बीजू 14, जामुन बीजू 16, कुसुम बीजू 4 और बेर बीजू के 105 पौधों की मांग शामिल है। कार्यशाला के माध्यम से वन विभाग और वनोपज सहकारी संघ ने संदेश दिया कि लघु वनोपज और औषधीय पौधे न केवल पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में वन क्षेत्रपाल शकील कुरैशी, उपवन क्षेत्रपाल दिनेश वर्मा, राजीव गौत्तम, ललित साहू, चंद्रशेखर धुरंधर, सहायक प्रबंधक कौशल, पूजा वर्मा, प्रोग्राम असिस्टेंट रोहन देवांगन सहित अनेक विभागीय अधिकारी, वनधन मित्र और क्षेत्र के कृषक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वन क्षेत्रपाल शकील कुरैशी ने कहा कि औषधीय पौधों की खेती केवल आमदनी का साधन नहीं है, बल्कि यह पर्यावरणीय संतुलन, जैव विविधता और ग्राम्य जीवन के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में मिल का पत्थर है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के किसान औषधीय वनोपज के प्रति जागरूक हों और इसे अपनाकर आत्मनिर्भर बनें। विभाग हर स्तर पर सहयोग देने के लिए तत्पर है।

कार्यक्रम के अंत में यह संदेश दिया गया कि लघु वनोपज आधारित कृषि मॉडल न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न करेगा। विभागीय अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, पौधों की उपलब्धता और विपणन सहायता जैसी सुविधाएं निरंतर प्रदान की जाएंगी, ताकि यह योजना धरातल पर सफलतापूर्वक क्रियान्वित हो सके।

# 2014-2024 नव भारत का उत्कर्ष, आत्मबल, नेतृत्व और राष्ट्रचेतना का दशक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि यह दशक केवल योजनाओं का नहीं, भारत के पुनर्जागरण का है। यह वह कालखंड है, जब भारत ने अपने पुनर्जागरण का निश्चय किया। गांव से वैश्विक मंच तक, खेत से कूटनीति तक और रसोई से रणभूमि तक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने न केवल नीतियां बनाई, बल्कि उनमें राष्ट्र की आत्मा फूंकी। योजनाएं साधन बनीं और संकल्प बने पथप्रदर्शक। भारत की विदेश नीति अब संकोच नहीं, साहस और संतुलन की पहचान है। जी20 की अध्यक्षता से लेकर वैश्विक मंचों पर भारत की मुखरता तक, हमने दुनिया को दिखाया कि भारत केवल सहमति नहीं, दिशा देने वाला राष्ट्र है। भारत की 'वसुधैव कुटुम्बकम' नीति अब जलवायु संकट, वैश्विक स्वास्थ्य और ऊर्जा सुरक्षा जैसे विषयों पर अंतरराष्ट्रीय सहमति का केंद्र बिंदु बन चुकी है। भारतीय सेनाएं अब प्रतीक्षा नहीं, प्रत्युत्तर की प्रतीक हैं। सैन्य आधुनिकीकरण से लेकर स्वदेशी हथियार निर्माण तक, देश ने हर मोर्चे पर आत्मनिर्भरता की



मिसाल पेश की है। लेकिन इस दशक की एक सबसे भावनात्मक और साहसी गाथा रही उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अद्वितीय नेतृत्व और भारतीय सेना के पराक्रमी शौर्य का ऐसा ऐतिहासिक प्रतीक बना, जिसने न केवल दुश्मन के मंसूबों को चूर-चूर किया, बल्कि पाकिस्तान को घुटनों पर लाकर रख दिया। यह अभियान भारत की सैन्य दक्षता, रणनीतिक कौशल और तकनीकी आत्मनिर्भरता का जीवंत प्रमाण बन गया।



### अधूरे प्रधानमंत्री आवासों के पूर्णता पर जोर, निरीक्षण कर दिए जा रहे निर्देश

पिथौरा (ग्रामीण)। जनपद पंचायत क्षेत्र में अधूरे पड़े प्रधानमंत्री आवासों को जल्द पूर्ण कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में जनपद पंचायत की टीम द्वारा लगातार मैदानी स्तर पर निरीक्षण किया जा रहा है। और निर्माणाधीन आवासों की स्थिति का जायजा लेकर लाभार्थियों से संवाद किये जा रहे हैं और उन्हें निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दे रहे हैं। साथ ही निर्माण में आ रही समस्याओं की जानकारी ली जा रही है, जिससे उन्हें समय रहते दूर किया जा सके।

# जल जीवन मिशन में क्रेडा ने लगाए 28 हजार सोलर पंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में जल जीवन मिशन योजना का जो काम हो रहा है, उसमें क्रेडा भी अपना योगदान दे रहा है। क्रेडा ने अब तक प्रदेशभर में 28 हजार सोलर पंप लगाने का काम किया है। इसमें से साढ़े 14 हजार पेयजल पंप और 13600 स्थानों पर सोलर ड्यूल पंप शामिल हैं। जिन स्थानों पर बिजली को लेकर परेशानी रही है, उन स्थानों के लिए पीएचई ने क्रेडा की मदद ली है। क्रेडा की मदद से छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी भी कृषि पंपों के साथ स्ट्रीट लाइट भी लगाने का काम कर रही है।

केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना का लक्ष्य हर घर में शुद्ध जल उपलब्ध कराना है। इसके लिए अपने राज्य में भी योजना चल रहा है। इस योजना में वैसे तो गड़बड़ी भी बहुत हुई है। लेकिन इस योजना में काम भी हो रहा है। इस योजना में छोटे-छोटे गांवों में जहां पर बिजली की व्यवस्था सीमित है, वहां पर भी जल जीवन मिशन का काम क्रेडा के माध्यम से हो रहा है।



### टंकी बनाने, पंप लगाने का काम

जिन गांवों में यह देखा गया कि जहां पर टंकी बनाकर पानी की आपूर्ति करनी है, वहां तक बिजली व्यवस्था में परेशानी है तो ऐसे गांवों का जिम्मा पीएचई ने क्रेडा को देने का काम किया है। क्रेडा ने ऐसे गांवों में पांच से दस हजार लीटर तक की ओवरहेड टंकियों का निर्माण करके 6 से 12 मीटर के सोलर पंप लगाए जिससे ग्रामीण के घरों तक पानी पहुंचाने का काम हो सका है। इन टंकियों के लिए पानी का श्रोत बोर हैं जो पहले से वहां पर किए गए हैं। इन बोर में सोलर पंप लगाकर टंकियों को पानी से भरा जाता है और इन टंकियों के माध्यम से पानी की सप्लाई की जाती है।

# मोदी सरकार की वादाखिलाफी, नाकामी पर भाजपा खुले मंच पर चर्चा कर ले



11 साल में भी वह घोषणा पत्र का एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा, मोदी सरकार के 11 साल की वादा खिलाफ़ी, नाकामी पर खुले मंच पर चर्चा करने आ जाये। दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा। भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2014, 2019 और 2024 में जो घोषणा पत्र जारी किया था ,11 साल में भी उस घोषणा पत्र का एक भी वादा को पूरा नहीं कर पायी है। जनता मोदी सरकार की गलत नीतियां, वादाख़िलाफ़ी, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, गिरती अर्थव्यवस्था, सरकारी कंपनियों की नीलामी से नाराज है। वोट में गड़बड़ी करके भाजपा ने लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज कराई है और उसे जनता का समर्थन बता रही है, यह हास्यास्पद है। जिस प्रकार से पूरे देश में वोटर लिस्ट में गड़बड़ियां सामने आ रही हैं, मतदान के प्रतिशत में गड़बड़ियां सामने आ रही हैं, जिसे लेकर लगातार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी निर्वाचन आयोग से सवाल जवाब कर रहे हैं और जवाबदेही से निर्वाचन आयोग भाग रहा है। उन्होंने भाजपा को चुनावी वादा याद दिलाये, उन्होंने पूछा 11 साल में मोदी सरकार चुनाव में किये कितने वादे को पूरा किये। क्या अच्छे दिन आ गये? कितने लोगों के खाता में 15-15 लाख रुपए जमा कराये? 100 दिन में महंगाई कम करने का वादा 11 साल में महंगाई कम क्यों नहीं हुई?

### ये वादे नहीं हुए पूरे

मोदी सरकार की मुनाफाखोरी के कारण जनता की मूल जरूरत दूध, दही, चावल, दाल, गेहूं, आटा बेसन, पुस्तक, कॉपी, स्टेशनरी, हवाई चप्पल सब पर ही टैक्स के दायरे में आ गये हैं। 11 साल में 22 करोड़ युवाओं के लिये रोजगार, तो रोजगार क्यों नहीं मिला? किसानों की आमदनी दोगुनी क्यों नहीं हुई? 11 साल में दर्जनभर से अधिक आतंकी हमले देश में हुये, मोदी सरकार मौन क्यों? उन्होंने कहा, भाजपा के नेता बढ़ती महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी पर चर्चा करने से भाग रहे हैं।

# डॉ. यादव को पर्यटन-संस्कृति, अंकित को वाणिज्यिक कर पंजीयन का अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारियों को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ कुछ विभागों के अतिरिक्त प्रभार सौंपे हैं। मंगलवार को यह आदेश जारी किया गया है। डॉ. रोहित यादव को उनके वर्तमान प्रभार के साथ सचिव पर्यटन एवं संस्कृति का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके पास सचिव ऊर्जा विभाग के साथ अतिरिक्त प्रभार के रूप में अध्यक्ष पॉवर जनरेशन कंपनी और अध्यक्ष स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी का प्रभार पहले ही है। अविनाश चंपावत को सचिव वाणिज्यक कर (पंजीयन) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके पास सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा पुनर्वास तथा अतिरिक्त प्रभार पदेन राहत एवं पुनर्वास आयुक्त, आयुक्त भू-अभिलेख, सचिव सामान्य प्रशासन का प्रभार है। अंकित आनंद को वाणिज्यिक कर (पंजीयन विभाग) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके पास वर्तमान में सचिव योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन, सचिव आवास एवं पर्यावरण, एवं अध्यक्ष पर्यावरण संरक्षण मंडल का प्रभार है।

हिमशिखर गुप्ता को सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सचिव गृह एवं जेल विभाग तथा श्रमायुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इससे पहले उनके पास सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव गृह एवं जेल विभाग का प्रभार भी है। चंदन कुमार विशेष सचिव को सामान्य प्रशासन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी का प्रभार सौंपा गया है।

इस पद पर कार्यरत रजत कुमार के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए कार्यमुक्त होने की तिथि से लागू होगा। चंदन कुमार के पास पहले ही विशेष सचिव वित्त विभाग तथा विशेष सचिव सामान्य प्रशासन तथा संचालक बजट का प्रभार है। इसमें से उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है।

## पीओएस मशीन का नवीनीकरण 13 जून से, तीन माह के चावल से कई वंचित

# पीओएस मशीन अपग्रेड करने के पत्र को अफसर ने दबाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य संचालनालय से जारी पत्रानुसार केंद्र शासन ने आधार प्रमाणीकरण के लिए राशन दुकानों में वितरण के लिए उपयोग की जाने वाली मशीन एलओसी पीओएस डिवाइस को एल-1 पीएसओ मशीन में अपग्रेड करने केंद्र सरकार ने 31 मई अंतिम तिथि रखी थी।

मंत्रालय के एक अधिकारी ने केंद्र सरकार के पत्र को संचालनालय को जानबूझ कर नहीं दिया। चावल उत्सव समाप्त होने के बाद इसे संचालनालय को भेजा गया। पीएसओ मशीन अपग्रेड न होने के कारण कई लोग तीन माह के चावल से वंचित हो गए। प्रदेश के 19 जिलों में 31 मई के बाद आधार प्रमाणीकरण को लेकर पुरानी वितरण मशीन का अपग्रेडेशन का काम जिन वेंडरों को सौंपा गया है, उन्हें तेरह जून से जिलों में काम शुरू करने का आदेश खाद्य मंत्रालय से दिया गया है। मशीन के अपग्रेडेशन होने के पहले वितरण के लिए कार्डधारक के मोबाइल पर ओटीपी आने के बाद राशन दुकानदार को बताए जाने पर ही राशन देने का विकल्प दिया गया है। आश्चर्य की बात ये है कि प्रदेश की राजधानी सहित 14 जिलों में पीओएस मशीन के अपग्रेडेशन कार्य के लिए खाद्य मंत्रालय के पास कोई कार्ययोजना नहीं है। इन जिलों में भी राशन कार्डधारक को राशन लेने के लिए मोबाइल फोन साथ लाने की अनिवार्यता है। राशन कार्डधारक के यहां से कोई भी अन्य सदस्य के राशन लेने जाने पर रजिस्टर्ड मोबाइल नहीं होने पर राशन नहीं मिल रहा है।



### केंद्र ने पहले ही तय कर दी थी समय सीमा

राशन दुकानों के आधार प्रमाणीकरण के लिए यूआईडीएआई ने 6 मई को ही राज्य को 31 मई की सीमा तय कर दी थी। योजना को मंत्रालय के एक अधिकारी ने जानबूझ कर क्रियान्वित नहीं होने दिया, अन्यथा दो महीने का राशन सालों से कार्ड धारकों को मिल रहा था। प्रदेश की वितरण व्यवस्था में राज्य बनने के बाद ये पहली बार हो रहा है कि तीन महीने का राशन एक साथ दिया जा रहा है।

### वितरण व्यवस्था चरमराई

प्रदेश की राशन दुकानों में वितरण व्यवस्था चरमरा गई है। हजारों राशन कार्ड धारक बिना मोबाइल लिए राशन दुकान जाते हैं, उनको ओटीपी के लिए मोबाइल लेकर आने के लिए कहा जा रहा है। लाखों राशन कार्ड धारकों के मोबाइल नंबर उनके पति के नाम पर है, उनको राशन नहीं मिल रहा है। तीन महीने का राशन पाने के तीन बार ओटीपी की व्यवस्था है, इसके चलते एक राशन दुकान से दिनभर में चालीस पचास कार्ड धारक राशन ले पा रहे हैं।

### मशीन सुधार के नाम पर अटकाया जा रहा राशन

अनेक उपभोक्ता संरक्षण प्रतिनिधियों ने विधायक सुनील सोनी से मिलकर राशन वितरण व्यवस्था में घालमेल की शिकायत की है। कार्डधारकों ने मांग की है कि तीन महीने का राशन मशीन सुधार के नाम पर अटकाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 600 करोड़ रुपए का राशन घोटाला 2022 से 2024 के बीच हुआ है, इसकी जांच विधानसभा जांच समिति कर रही है। घोटाले को दबाने केंद्र और राज्य की सरकार को बदनाम करने के लिए यह साजिश रची गई है।

**खबर संक्षेप**



## महासमुंद में अध्ययनरत विद्यार्थी के परीक्षा परिणाम में जल्द सुधार करे रविवि : अभाविप

**महासमुंद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला इकाई ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में करीब एक घंटे नारे बाजी एवं विश्वविद्यालय घेराव करने के पश्चात करीब 100 से अधिक छात्र-छात्राओं के साथ कुलपति को ज्ञापन सौंपा। अभाविप महासमुंद के नगर मंत्री लवेश साहू ने बताया कि 02 जून दिन सोमवार को बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्रों का परिणाम घोषित हुआ तथा महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी जो कि निरंतर लगन से पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी है, ऐसे अधिकतम ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले विद्यार्थियों यहां सालों से अध्ययनरत है। ऐसे में परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात छात्रों में आक्रोश का माहौल है। क्योंकि, छात्रों के उनके अपेक्षा के अनुरूप विश्वविद्यालय द्वारा अंक प्राप्त नहीं हुए, जिससे वे बेहद निराश है। यह पहली बार नहीं है कि ऐसे ही उम्मीद से कम अंक छात्रों को प्राप्त हुआ हो। हर बार महासमुंद के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम इसी प्रकार से खराब आता है, जिसको लेकर अभाविप ने समय-समय पर अपनी आवाज बुलंद करता रहा है। इस वर्ष भी ऐसे ही परिणाम देखने को मिला, जिससे एक बार फिर आकृषित छात्रों की मांग परिषद ने समझा और कुलपति के समक्ष अनेक मांग की। जिसमें अंग्रेजी एवं रसायन में अधिकतम विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम खराब आया है, उनके परीक्षा परिणाम का पुनर्मूल्यांकन निःशुल्क करवाकर आवश्यकतानुसार सुधार करवाया जाए तथा विसंगति पाए जाने पर जल्द से जल्द उसका निवारण करें।

**हरिभूमि की खबर का असरः** नियम विरुद्ध पेड़ कटाई पर लगी रोक, अब कुल्हाड़ी से हो रहा कटाई का कार्य

# टेढ़े-मेढ़े पेड़ों की कटाई अब कुल्हाड़ी से, वन विभाग ने रोका नियम विरुद्ध चेन आरा मशीन का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

वन परिक्षेत्र अंतर्गत कक्ष क्रमांक 229 के जंगल में टेढ़े-मेढ़े और अविकसित वृक्षों की कटाई अब पूरी तरह से नियमों के तहत की जा रही है। पहले इस क्षेत्र में हैंडहेल्ड पावर चेन आरा मशीन से पेड़ों की कटाई की जा रही थी, जो कि वन नियमों के विपरीत था। जब इस संबंध में समाचार 'हरिभूमि' में प्रकाशित हुआ, तो वन विभाग ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए पेड़ों की कटाई का कार्य रोक दिया। इसके बाद अब नियमानुसार कुल्हाड़ी से पेड़ काटने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

अब इस कार्य को पुनः पर्यावरणीय दृष्टिकोण और वन नियमानुसार आरंभ किया गया है, जहां परंपरागत कुल्हाड़ी का प्रयोग किया जा रहा है। पेड़ों की कटाई का यह कार्य मुख्यतः उन पौधों पर केंद्रित है जो विकास की प्रक्रिया में बाधा बन रहे थे, जैसे अत्यधिक टेढ़े-मेढ़े या अविकसित वृक्ष ताकि स्वस्थ और उपयोगी प्रजातियों के वृक्षों को पर्याप्त स्थान मिल सके और वनों का संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सके।





पिथौरा के जंगलों में पेड़ों की नियम विरुद्ध कटाई
वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

जानकारों का मानना है कि चेन आरा मशीन से पेड़ काटने पर ठूंठ अत्यधिक गर्म हो जाता है जिससे उसमें से पुनः नए पौधे नहीं पनप पाते। इससे जंगल के प्राकृतिक पुनर्जनन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके विपरीत, कुल्हाड़ी से पेड़ काटने पर ठूंठ की जीवंतता बनी रहती है, जिससे समय के साथ प्राकृतिक रूप से नए वृक्ष विकसित हो सकते हैं।

यही कारण है कि वन नीति में मशीन से कटाई के स्थान पर कुल्हाड़ी के उपयोग को प्राथमिकता दी गई है। इस कार्य में ग्राम अमलीडीह के मजदूर जलेसर ओगरे, पुरुषोत्तम लाल यदु, मिलाप यदु, फुलसाय निषाद, गोपाल निषाद, गंगाराम सिन्हा, लखन डड़सेना और तिहारू साहू की महत्वपूर्ण भूमिका है, जो जंगल संरक्षण और संवर्धन के इस कार्य में जुटे हुए हैं। पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य में लगे हुए हैं। इनके द्वारा जंगल की अविकसित संरचना को हटाकर एक समृद्ध और संतुलित वन प्रणाली की नींव रखी जा रही है। वन परिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डड़सेना ने कहा कि मेरे द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि पेड़ कटाई कुल्हाड़ी से ही की जाए। यदि पहले किसी स्तर पर चेन आरा मशीन का उपयोग किया गया है, तो इसकी जानकारी मुझे नहीं थी। फिलहाल, कक्ष क्रमांक 229 में नियमों का पूरी तरह पालन करते हुए कुल्हाड़ी से पेड़ काटे जा रहे हैं।

## 11 साल से देशवासी सिर्फ जुमलों में जी रहे : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- मोदी सरकार के वादों के विपरीत हो रहा काम



खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने कहा कि अच्छे दिनों का वादा कर सत्ता में आई भाजपा की मोदी सरकार ने जुमले की शुरुआत की कि 100 दिनों में काला धन वापस आएगा। 15–15 लाख रुपए सबके खाते में आएंगे, हर साल 2 करोड़ लोगों को रोजगार दिया जाएगा, 2022 तक सबके पास पक्का मकान होगा, किसानों की आय दोगुनी होगी, परंतु आज उन सब वादों से विपरीत काम हो रहा है। आज देश में मोदी सरकार की गलत नीतियों नोटबंदी, जीएसटी के कारण बेरोजगारी बढ़ रही है, जुमला 5 ट्रिलियन इकोनॉमी का करते हैं, लेकिन प्रति व्यक्ति आय में भारत दुनिया के 10 देशों में भी नहीं है, 1 डॉलर 2014 में लगभग 61 रुपए का मूल्य था, आज 2025 में 86 रुपए के बराबर हो चुका है।

2014 में पेट्रोल डीजल 60 से 65 रुपए लगभग था, जो आज 2025 में बढ़कर 100 रुपए के बराबर हो चुका है, खाने का सिलेंडर सन 2014 में 450 रुपए था, जो आज बढ़कर 2025 में 1100 रुपए हो गया था, ऊपर से दूध, दही, चावल, दाल, गेहूं, आटा, बेसन, पुस्तक, कॉपी, स्टेशनरी, हवाई चप्पल और कफ़न के कपड़े में भी टैक्स वसूल रही है।

## बागबाहरा शहर मंडल में चावल उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

बुधवार को भाजपा शहर मंडल बागबाहरा अध्यक्ष डिंपल डाली ध्रुव के नेतृत्व में बागबाहरा शहर स्थित वार्ड 3, 4 और 5 के राशन दुकान में चावल उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के द्वारा पूरे राज्यभर में भाजपा सरकार द्वारा बरसात के दिनों में राशन हितग्राहियों को असुविधाओं से बचने के लिए अगले 3 महीने का चावल जून में ही वितरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने भुखमरी के दिनों को याद करते हुए बताया कि पहले की सरकार थी, तो हमने किस प्रकार से लोगों को भूख से मरते हुए देखे है, लेकिन राज्य में भाजपा की सरकार के आने के बाद गरीब को भूखे पेट सोने की समस्याओं से छुटकारा मिला है।इसके साथ-साथ साहू ने नगर क्षेत्र बागबाहरा में चल रहे विकास कार्यों की भी तारीफ की और राज्य सरकार की नारी शक्तिकरण रूपी महतारी वंदन योजना से मिल रही मातृशक्ति की सहूलियत और सहायता के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने राज्य सरकार की इस पहल की सराहना की। मंडल के मीडिया प्रभारी डेविड कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बिना किसी कठिनाई के जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। चावल वितरण के दौरान हितग्राहियों के चेहरे पर खुशी भी साफ-साफ झलक रही थी।



कार्यक्रम में प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अल्का चंद्राकर, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, शंकर तांडी, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष दुबेलाल साहू, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष बाला चंद्राकर, पार्षद एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, महामंत्री अतुल गंडेचा, अरविंद छाबड़ा, राहुल अग्रवाल, पार्षद सविता दीवान, प्रीति महेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता मदन देवांगन, दुर्गा वस्त्रकार, रफीक खान, हितेंद्र देवांगन, योगेश चिंदा, अजीत तांडी, भोजनाथ देवांगन, लुभान चंद्राकर के साथ साथ वार्ड क्रमांक 3, 4, 5 के अनेक हितग्राही उपस्थित थे।

## अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष का नगर आगमन पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा का प्रथम पिथौरा नगर आगमन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात चौक से जुलूस विश्राम गृह पहुंचा। जहां पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल ने अमरजीत सिंह छाबड़ा का गमछा पहनाकर स्वागत किया।

स्वागत समारोह को भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आयोग के अध्यक्ष बनने के बाद सबसे पहले श्री छाबड़ा का पिथौरा आगमन हुआ है। शंकर अग्रवाल ने कहा कि वे अमरजीत सिंह छाबड़ा को व्यक्तिगत रूप से जानता व पहचानता हूं। ये पार्टी संगठन के हर काम को निष्ठा लगन ईमानदारी से करते है। आगे भी अल्पसंख्यक लोगों के लिए भी बेहतर काम करके दिखायेंगे।



अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वागत से अभिभूत हूं। बसना विधानसभा का प्रभारी होने के नाते बीते विधानसभा के चुनाव फिर लोकसभा के चुनाव तथा अभी वर्तमान में संपन्न हुए नगरीय निकाय के चुनाव में आप सभी से साथ काम करने का सौभाग्य मिला है। आप सभी ने तीनों चुनाव में शानदार जीत हासिल की है। छाबड़ा ने कहा कि अध्यक्ष बनाकर बड़ी जिम्मेदारी दी है। स्वागत सभा का संचालन युवा भाजपा नेता विक्की सलूजा तथा आभार प्रदर्शन मंडल कोषाध्यक्ष राजेश चौधरी ने किया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रीत राम सूर्ये, नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता शशि डडसेना, रैदास गोयल, मंडल महामंत्री जतिन ठक्कर, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, सेतराम पटेल, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष आबिद ख़ान, दुलिकेशन साहू, दुर्गेश सिन्हा, रवि राम सिन्हा, सत्यनारायण पटेल, गया राम धीवर, राकेश मरावी, कुलदीप सिंह, जितेंद्र गुप्ता, संदीप सेन,मधुरिमा पांडे, श्वेता प्रसाद, सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बेलसोंडा में विद्युत समस्या का हुआ समाधान

**महासमुंद।** बेलसोंडा के अखरापारा में विद्युत समस्या का समाधान हो गया है।



जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर के प्रयासों से बिजली दफ्तर में शिकायत दर्ज कराने के बाद अधिकारी पंचराम वर्मा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 10 जून को 25 एचपी का नया ट्रांसफार्मर विभागीय अमले के साथ भेजवाकर विद्युत व्यवस्था को सुचारु कर दिया। करीबन दो महीने से खराब ट्रांसफार्मर के कारण क्षेत्र के लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन, हुलसी जितेंद्र चंद्राकर के प्रयासों से अब क्षेत्र के लोगों को बिजली की समस्या से निजात मिल गई है। हुलसी ने कहा कि वह क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को समझती हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहती हैं। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। ग्रामीणों ने कहा कि हुलसी जितेंद्र चंद्राकर के प्रयासों से ही उन्हें बिजली की समस्या से निजात मिली है और अब वे अपने दैनिक कार्यों को सुचारु रूप से कर सकते हैं। अधिकारी पंचुराम वर्मा ने कहा कि वह क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तैयार हैं।

### मारपीट के मामले में 9 से ज्यादा लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** पिथौरा के वार्ड 12 में मारपीट की घटना में छह लोगों लोगों को चोटें आई है। मामले की रिपोर्ट पर 9 से ज्यादा लोगों के खिलाफ पिथौरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड 12 निवासी सरिता देवार ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वार्ड क्र. 05 पिथौरा के समीर देवार, जीते देवार, घुंडुल देवार, आकाश देवार, गोविंद देवार, इंदर देवार, जोहाना उर्फ सुल्ताना, श्रीमती अग्नि देवार, नरसिम्हा देवार लोगों के द्वारा सोसायटी पिथौरा के संचालक के साथ मारपीट की गई थी। जिसे लेकर उन्होंने समझाया था कि गांव में रहना है तो लडाई, झगड़ा मत करो, तुम लोग के लड़ाई झगड़ा करने से देवार समाज को बदनाम होना पड़ता है। उसी बात को लेकर 10 जून की सुबह 7 बजे वार्ड क्र. 5 के आरोपी समीर देवार, जीते देवार, घुंडूल देवार, आकाश देवार, गोविंद देवार, इंदर देवार, श्रीमती जोहाना उर्फ सुल्ताना, श्रीमती अग्नि देवार, नरसिम्हा देवार व अन्य रिश्तेदार सांकरा बरगढ निवासी को साथ लेकर गाली गलौच करते हुए लाठी, डंडा, पत्थर, बीयर शीशी लेकर मारपीट करने लगे। प्रार्थिया ने बताया कि मारपीट करने से श्रीमती रौतीन बाई के बांये आंख के पास चोट लगी, वहीं श्रीमती नव्या देवार को जितेश और इंदर ने पकड़कर जमीन में पटक दिया उसके बाद जोहाना और अग्नि के द्वारा उसके पेट में लात घूंसा से मारपीट किया, बाला देवार, रानी देवार, माही के सिर में चोट लगी है तथा प्रार्थिया के बांये हाथ, दाहिने कान के ऊपर चोटें लगी है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 190, 191(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## संकुल केंद्र टेमरी अ में हुई संकुल स्तरीय विशेष बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

संकुल केंद्र टेमरी अ में 10 जून को संकुल स्तरीय विशेष बैठक का आयोजन किया गया। संकुल प्राचार्य मदन पटेल की अध्यक्षता एवं संकुल समन्वयक राधेश्याम निराला के नेतृत्व में हुई इस बैठक में नवपदस्थ शिक्षकों का पुष्पगुच्छ देकर और गुलाब लगाकर स्वागत किया गया। राधेश्याम निराला द्वारा टीबीसी एप के माध्यम से पाठ्य-पुस्तक स्कैनिंग की जानकारी दी गई। साथ ही आगामी तीन माह क्या क्या कार्य करना है रोड मैप की जानकारी दी गई। सभी शिक्षकों को समय सारिणी का पालन करने, दैनंदिनी, शाला विकास योजना, बनाकर शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने निर्देशित किया गया। अंत में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने टीम वर्क भावना से कार्य करने समय पर उपस्थित होने नवाचार के माध्यम से कार्य करने प्रवेश उत्सव का प्रचार प्रसार करने, मध्यान भोजन की व्यवस्था दुरुस्त करने, पाठ्यपुस्तक एवं गणेश सभी तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी कला के प्रधान पाठक विनय शंकर दीवान, वीरेंद्र चंद्राकर, मिलन नेताम, दिनेश साहू, फिरोज सिंह ठाकुर, मोहेद साहू, प्रतीक चंद्राकर, सुलन चंद्राकर, गोपेश्वरी साहू पूनम निषाद, श्रद्धा महानंद, चैन कुमारी टंडन समेत समस्त संकुल शाला परिवार उपस्थित थे।



## जयंती पर संतों ने कहा: कबीर के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कबीर जयंती पर स्थनीय रायपुर रोड स्थित कबीर मंदिर में सुबह 10 बजे पर ध्वजारोहण कर कबीर जयंती मनाई गई। इस मौके पर बाहर से आए साधु-संतों ने संध्या वंदन, भजन व सत्संग कर पारख सिद्धांत के प्रणेता कबीर साहेब के बताए मार्ग को आज भी प्रासंगिक बताया।

इस दौरान उनके दोहे का गायन कर उनके अर्थो को समझाते हुए साधु-संतों ने कहा कि कबीर साहेब ने सदैव जनकल्याण को सत्य मार्ग की शिक्षा दी। बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलया कोय, जैसे दोहे में बताया गया कि हर व्यक्ति संसार में केवल दूसरों की बुराई देखता है किंतु जब अपने भीतर वह झांककर देखता है तो दुनिया का सर्वाधिक बुरा व्यक्ति वही नजर आता है। इसलिए पहले अपने आप को सुधारने का प्रयास करना चाहिए। इसी तरह संगत कीजे साधु की, हरे और की ब्याध, ओछी संगत कूर की आठो पहर उपास, में बताया गया है कि अच्छे व्यक्ति के संगत करने से वह दूसरों का दुख दर्द को दूर करता है, वही गलत संगत में व्यक्ति पड़कर रास्ता भटक जाता है। सत्संग में मुख्य वक्ता के रूप में कबीर निर्णय मंदिर ढेठा धमतरी से बलवान साहेब अपने संत मंडली के साथ पहुंचे थे।





इसी तरह पूनम साहेब, भुनेश्वर साहेब, जितेंद्र साहेब आदि ने अपने प्रवचन में उपस्थित जनों से कहा कि कबीर ने सदैव पाखंड का विरोध किया, इसलिए सही मार्ग अपनाने के लिए प्रत्येक को कसौटी पर परखना चाहिए। एक दिवसीय सत्संग प्रवचन में कबीर पंथ के अनुयायी शहर के अलावा ग्राम गढ़सिवनी, भोरिंग, कोसरंगी, लाफिन, पसौद, झालखम्हरिया, शेर आदि स्थानों से लोग पहुंचे थे।



## खबर संक्षेप



### स्वर्णकार समाज के राष्ट्रीय सचिव बने संजीव

**बसना।** रायपुर में स्वर्णकार समाज के संजीव कुमार सोनी को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर वेदप्रकाश महंत, लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं सोनपरी आश्रम के राष्ट्रीय संत गुरु असंग देव ने सोनी को स्नेह व आशीर्वाद प्रदान किया तथा राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने के लिए शुभेच्छा जताई।

### जीवन जागृति के लिए अब प्रति वर्ष 100 किलो चावल दान

**महासमुंद।** मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही पटेवा द्वारा अब प्रति वर्ष जीवन जागृति के लिए अभ्युदय संस्थान अछोटी दुर्ग में जीवन विद्या शिविर करने वालों के लिए भोजन व्यवस्था के लिए 100 किलो शुद्ध आर्गेनिक चावल दान स्वरूप प्रदान किया जाएगा। आश्रम संचालक शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने बताया कि नौकरी से प्राप्त धन को जीवन विद्या की समझ के अनुरूप स्वधन नहीं मानते, इसीलिए उनका प्रयास रहता है कि नौकरी का धन योग्य स्थान और श्रेष्ठ कार्यों में ही खर्च हो, अभ्युदय संस्थान अछोटी एक पवित्र जगह है, जहां हर माह औसतन 1000 नए लोगों को जीवन विद्या शिविर करवाया जाता है, जिसे भोजन व आवास व्यवस्था संस्थापक परिवार जन स्वयं करते हैं। छग राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद के साथ मिलकर एक साल वे स्वयं यहां आवास कर जीवन विद्या का अध्ययन किए थे, इसीलिए उनका परिवार अपनी मेहनत का 100 किलो चावल प्रति वर्ष दान करेगा।

### विडंबना: इस पंचायत के हैं 2 विधायक, फिर भी समस्या का कोई समाधान नहीं

# चावल लेने के लिए 9 किलोमीटर का सफर करने मजबूर है ग्रामवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर

बसना ब्लॉक अंतर्गत आने वाले कांदाडोंगर गांव के ग्रामीण लोगों को चावल लेने के लिए 8-9 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। यह समस्या गांव में चावल वितरण की व्यवस्था न होने के कारण हो रही है। जिससे गांव के ग्रामीण आए दिन काफी मुश्किलों का सामना करने मजबूर हैं। ज्ञात हो कि पलसापाली (ब) के आश्रित ग्राम कांदाडोंगर में कोई भी उचित मूल्य की दुकान नहीं है। जिसके कारण कांदाडोंगर के ग्रामीणों को पड़कीपाली, झारबंद व भंवरपुर होते हुए लगभग 8-9 किलोमीटर की दूरी तय करके राशन लेने के लिए पंचायत मुख्यालय पलसापली(ब) जाना पड़ता है।




**जनपद सदस्य ने समाधान शिविर में नए राशन दुकान खोलने दिया आवेदन, कहाः समस्याओं का हो समाधान**

#### ग्रामीणों की परेशानी

ग्रामीणों को चावल लेने के लिए लंबा सफर तय करना पड़ता है, जिससे उन्हें परेशानी होती है। उन्हें अपने दैनिक कार्यों को छोड़कर चावल लेने जाना पड़ता है, जिससे उनके समय और ऊर्जा की बर्बादी होती है।

#### सरकार की जिम्मेदारी

सरकार की जिम्मेदारी है कि वह कांदाडोंगर में रहने वाले लोगों को उनके घर के पास ही चावल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की सुविधा प्रदान करे। लेकिन सरकार अपनी जिम्मेदारी को पूरा नहीं कर रही है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### क्या है ग्रामीणों की मांग?

ग्रामीणों ने चर्चा के दौरान बताया कि वे सालों से लंबा रास्ता तय कर चावल लेने जाने मजबूर हैं। इसके चलते उन्हें बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शासन- प्रशासन कांदाडोंगर गांव में चावल वितरण की व्यवस्था करें और ग्रामीणों को उनके घर के पास ही चावल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की सुविधा प्रदान करे। जिससे ग्रामीणों की परेशानी दूर हो जाएगी और उन्हें अपने कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने का मौका मिलेगा।

#### जनपद सदस्य ने समाधान शिविर में दिया आवेदन, कहा समस्याओं का हो समाधान

भंवरपुर क्षेत्र क्रमांक 10 के जनपद सदस्य कृष्ण कुमार पटेल ने इस समस्या को देखते हुए बीते दिनों भंवरपुर में हुए समाधान शिविर में उक्त संबंध में कांदाडोंगर गांव के लिए नया राशन दुकान खोलने आवेदन दिया है। साथ ही कहा है कि कांदाडोंगर में रहने वाले लोगों को चावल लेने के लिए 8 से 9 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है, जो कि एक बड़ी समस्या है। शासन-प्रशासन को चाहिए कि वह इस गांव में चावल वितरण की व्यवस्था करे और एक उचित मूल्य की दुकान वहां खोले जिससे ग्रामीणों को उनके घर के पास ही चावल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की सुविधा मिल सके।

#### इस पंचायत के 2 विधायक, फिर भी समस्या का कोई समाधान नहीं

पलसापली (ब) पंचायत एक ऐसा पंचायत है। जिसके अंतर्गत 2-2 विधायक आते हैं। इस पंचायत के मतदाता दो विधायकों का चुनाव करते हैं उसके बावजूद आज इस पंचायत की स्थिति दयनीय है। बता दें कि पलसापली (ब) पंचायत अंतर्गत आश्रित ग्राम कांदाडोंगर, झारबंद आते हैं। जिसमें पलसापली(ब) व कांदाडोंगर बसना विधानसभा जिसके विधायक भाजपा से संपत अग्रवाल हैं व झारबंद गांव सरायपाली विधानसभा जिसके विधायक चातुरी नंद कांग्रेस से हैं। इसके बावजूद ग्रामीणों की स्थिति यह है कि 9 किलोमीटर दूर चावल लेने जाने मजबूर हैं।

## गुरु सिंघ सभा में अमरजीत का हुआ स्वागत




हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

झलप में छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा का गुरुद्वारा झलप में भव्य स्वागत हुआ। छाबड़ा के आगमन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, भाजपा नेता राहुल चंद्राकर, आनंद साहू, मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गोलू चंद्राकर मौजूद रहे। इस अवसर पर सिख समाज से पप्पू सलूजा, महेंद्र सलूजा, मंजीत सलूजा, सीटू सलूजा, शम्मी सलूजा, कुलजीत सलूजा, सुरजीत नारंग, गोल्डी सलूजा, रिंकू सलूजा, गोल्डी सलूजा, बलजीत आजमानी, विंकल आजमानी, हनी गंभीर, रिक्की चावला, राजा खोसा, नवदीप सलूजा, सन्नी आजमानी, अनमोल आजमानी, हरजीत सलूजा, कमल सलूजा, अमित खनूजा व मुस्लिम जमात से मो. यूनुस खान के साथ ही भाजपा मंडल महामंत्री राकेश साहू, कमल कौशिक, निर्भय नायक, पोतदार सोनवानी, संतोष पंडा, बीरसिंह निषाद, रज्जन गुप्ता, बेदराम साहू, देवेंद्र राय आदि भी मौजूद रहे।

## मवेशियों का बीच सड़क पर जमावड़ा

**नर्रा।** कोमाखान से खट्टी मार्ग पर स्थित पानी टंकी के आसपास घुमंतू मवेशियों के बीच सड़क पर जमावड़े से लोग परेशान हैं। इससे दुर्घटना की संभावना बना रहता है। शाम होने के बाद मवेशी नर्रा के पंचायत भवन के पास कम से कम दो दर्जन से अधिक मवेशी का अड्डा बन चुका है। वही कुछ मवेशी सड़क के बीचोंबीच खड़े व बैठे रहते है। इस मार्ग पर बस ट्रक हाइवा मेटाडोर पिकअप के अलावा मोटर साइकिल इत्यादि चलती है। इन मवेशी से दुकानदार भी परेशान है। दुकानें बंद होने के बाद मवेशी गोबर कर देती है। मवेशी मालिकों द्वारा अपने गाय-बैलों की सुध नहीं ली जा रही है। इस तरह कोमाखान से खट्टी मार्ग किनारे कांटेदार बेर, गंगा इमली, बबूल इत्यादि के छोटे-छोटे पौधे उग गए, जिससे रात्रि में चालक व राहगीरों को चलने में परेशानी होती है। यदि दोनों तरफ से चार पाहिया वाहन आने से साइड देते नहीं बनता और तो और गाड़ी की लाइट के कारण दिखाई नहीं देता। इस कारण आए दिन दुर्घटना घट रही है। हाल ही में झलमला नाला के पास दो मोटर साइकिल आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। मोटर साइकिल में सवार दो लोगों का हाथ पैर टूटने व एक की मौत होने की खबर है।



## तेंदूकोना में हुई संकुल स्तरीय आवश्यक बैठक


हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना

संकुल केंद्र तेंदूकोना विकासखंड बागबाहरा का प्राचार्य, समन्वयक, प्रधान पाठक शासकीय एवं निजी स्कूलों का बैठक हुई। जिसमें शाला लगने की पूर्व तैयारी में सभी स्कूलों की सफाई, रंग रोगन, पेयजल, विद्युत और स्कूलों की लघु मरम्मत सुविधाओं पर कार्य करने का निर्णय लिया गया। गुणवत्ता वर्ष होने के कारण विद्यार्थियों में शैक्षणिक गुणवत्ता में प्रगति लाने पर जोर एवं शिक्षकों की उपस्थिति नियमित रूप से समय पर हो निश्चय किया गया।



यूडाइस में स्टूडेंट प्रोग्रेशन दो दिवस के भीतर पूर्ण करने का समय निर्धारित की गई है। टीबीसी एप में समस्त शिक्षकों को पंजीयन कर पाठ्यपुस्तक स्कैनिंग कार्य पूर्ण करने का प्रशिक्षण व निर्देश दिए गए। जाति प्रमाणपत्र बनाने व अपार आईडी जनरेट करने का लक्ष्य पूरा करने हेतु सुझाव दिए गए। संकुल प्रभारी सोन सिंह दीवान प्राचार्य शास.उच्च.माध्यमिक विद्यालय तेंदूकोना के विशेष दिशानिर्देशों से यह बैठक हुई। बैठक में प्रमुख रूप से संकुल समन्वयक रामचरण ध्रुव, प्रधान पाठक अंजोर सिंह बरिहा, देवकुमार साहू, रामनारायण साहू, नैनसिंह दीवान, कमला सोनी, मिथलेश कुमार दीवान, डेमन दीवान, बेनीराम चक्रधारी, रीतू साहू, कृष्णकुमार पांडे, मालती साहू, सरस्वती शिशु मंदिर से प्राधानाचार्य दसरी साहू आदि उपस्थित रहे।

## क्षेत्र में धान बुआई शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

ज्येष्ट माह के विदाई आषाढ़ माह का आगमन हो रहा है। मानसून के ब्रेक लगने से किसान चिंतित है। बारिश नहीं होने एवं तेज धूप व उमस भरी गर्मी से लोग हलाकान है। क्षेत्र में ट्युवेल साधन संपन्न वाले किसान रोपाई के लिए बीज डालना शुरू कर दिया है। वहीं कुछ बारिश पर निर्भर किसानों ने भी रोपाई के लिए बीज के साथ ही धान की बुआई कार्य में जुट गए हैं। बता दें कि मानसून कमजोर पड़ने से बारिश को लेकर चौक चौराहे पर बैठे किसान चर्चा जरूर कर रहे है, लेकिन कोई कह रहा कि मानसून 15 जून के बाद ही आने की संभावना है। क्षेत्र में झमाझम बारिश का इंतजार है। तभी धान बुआई कार्य में गति आयेगी। लेकिन किसान खेतों की ओर हलचल जरूर बढ़ गई है। किसान खेतों में कांटे व खरपतवार की साफ सफाई कार्य व गोबर खाद का बिखराव करने में लग गए है। इधर, क्षेत्र के सोसायटियों में किसान धान बीज उठाव तो कर रहे है, लेकिन डीएपी खाद की किल्लत से परेशानी बढ़ गई है। ठीक रोपा बियासी के समय पर नहीं मिला तो बाजार से महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर होना पड़ सकता है।

## शहीद एएसपी आकाश राव को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सुकमा जिले के कोंटा क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में शहीद हुए एएसपी आकाश राव गिरिपुंजे को श्रद्धांजलि देने के लिए खरोरा स्थित शहीद स्मारक में एक भावभीनी सभा का आयोजन किया गया। यह श्रद्धांजलि सभा अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा आयोजित की गई। एएसपी आकाश राव एक साहसी, निष्ठावान और कर्तव्यपरायण पुलिस अधिकारी थे।

उनकी वीरता और ईमानदारी के लिए उन्हें कई गैलेंट्री अवॉर्ड्स से सम्मानित किया जा चुका था। उनकी शहादत राष्ट्र और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत अधिकारी के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की गई। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, परिषद के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर, पूर्व सैनिक प्रदीप चंद्राकर (सीनियर), आरपी साहू, नारायण चंद्राकर, नंदकिशोर सिन्हा, प्रदीप चंद्राकर (जूनियर), मायाराम साहू, सहदेव ध्रुव, अंजना चंद्राकर, केशरी साहू, आकांक्षा पांडे एवं सर्व समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



#### एएसपी आकाश राव को दी गई श्रद्धांजलि

महासमुंद। ग्राम खरोरा में शहीद एएसपी आकाश राव को श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, रामेश्वरी चंद्राकर, जया चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



### एडीईओ की परीक्षा 15 को

**धमतरी।** व्यापमं व्दारा रविवार 15 जून को धमतरी जिले में सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा (एडीईओ) एक पॉली में प्रातः 10 से 12:15 बजे तक 38 केन्द्रों में होगी। परीक्षा में कुल 10340 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए डॉ.विनोद पाठक समन्वयक एवं अपर कलेक्टर पवनकुमार प्रेमी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षा संचालन के लिए समन्वयक केन्द्र पीजी महाविद्यालय धमतरी एवं जिला नोडल अधिकारी व्दारा पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए है।

## गायत्री शक्तिपीठ में निःशुल्क कराए जाते हैं 16 प्रमुख संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारतीय संस्कृति के पुनरुत्थान और जीवन में संस्कारों की पुनर्स्थापना के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा देश-विदेश में अनेक शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ, चेतना केंद्र एवं प्रज्ञा मंडलों की स्थापना की गई है। इन स्थानों को जागृत तीर्थ के रूप में विकसित किया गया है, जहां प्रतिदिन भारतीय संस्कृति में वर्णित 16 संस्कार निःशुल्क कराए जाते हैं। इसी कड़ी में गायत्री शक्तिपीठ बरोंडा चौक महासमुंद में भी नियमित रूप से यह सेवा जारी है। यहां प्रतिदिन प्रातः 7 बजे महिला मंडल एवं पुरोहितों द्वारा यज्ञ सम्पन्न कराया जाता है। साथ ही इच्छुक श्रद्धालुओं के लिए पुंसवन, नामकरण, दीक्षा, विद्यारंभ, मुंडन, विवाह, जन्म दिवस सहित अन्य संस्कार भी निःशुल्क सम्पन्न कराए जाते हैं। विशेष पर्वों जैसे गायत्री जयंती, बसंत पंचमी, गुरु पूर्णिमा, नवरात्रि आदि पर 05 कुंडीय यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। पितृपक्ष के दौरान प्रतिदिन तर्पण कार्यक्रम आयोजित होता है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेकर लाभान्वित होते हैं। वर्ष 2024-25 में गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद द्वारा अनेक संस्कार संपन्न कराए गए हैं। पुंसवन संस्कार 196, नामकरण संस्कार 19, मुंडन 22, विद्यारंभ संस्कार 135, यज्ञोपवीत (जनेऊ) एवं दीक्षा संस्कार 65, विवाह दिवस 30, जन्मदिवस 218, विवाह संस्कार 215, गृह प्रवेश एवं अन्य संस्कार 76, पिंडदान(श्राद्ध तर्पण) 225, मृत्युत्तर संस्कार ( दाह संस्कार व बरसी) 15 शामिल है। जिन्हे स्वयं अथवा अपने बच्चों का कोई भी संस्कार कराना हो वे कम से कम एक दिन पूर्व पंजीयन करा सकते हैं। जिससे समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।



### महासमुंद के राजीव भवन में कांग्रेसियों ने पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

# पुण्यतिथि पर विद्याचरण को कांग्रेसियों ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ के प्रतीक, महासमुंद की पहचान पूर्व कैबिनेट मंत्री झीरम घाटी के शहीद पंडित विद्याचरण शुक्ला की पुण्यतिथि के अवसर पर महासमुंद के राजीव भवन में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। जिनका राजनीतिक जीवन छह दशकों तक फैला हुआ है। 1957 के आम चुनाव में वे बलौदा बाजार निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के टिकट पर लोकसभा में संसद सदस्य चुने गए। वे दूसरी लोकसभा के सबसे कम उम्र की सांसदों में से एक बने। इसके बाद वे 1962, 1964 (उपचुनाव),1967, 1980, 1984, 1989 में महासमुंद के सांसद के रूप में निर्वाचित हुए। 1977 और 1998 में रायपुर से सांसद चुने गए। 2004 में महासमुंद से लोकसभा चुनाव हार गए। शुक्ल कुल 9 बार लोकसभा के लिए सांसद चुने गए। जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनीं तो शुक्ल 1967 से 1977 तक इंदिरा की अधीन राज्य मंत्री रहे। राजीव गांधी के मंत्रिमंडल में भी मंत्री रहे। बाद में प्रधानमंत्री वीपी सिंह के साथ मंत्री बने। प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के सरकार में मंत्री रहे। प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के सरकार में मंत्री के पद पर कार्य करते रहे। विद्याचरण शुक्ल छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की परिवर्तन यात्रा का हिस्सा रहे, जब 25 मई 2013 को नक्सली हमले में वे घायल हो गये, गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में 11 जून 2013 अपने प्राण त्याग दिए। पंडित विद्याचरण के निधन से एक युग की समाप्ति हो गई। छत्तीसगढ़ निर्माण को लेकर अनेकों धरना प्रदर्शन किए, छत्तीसगढ़ के निर्माण में पंडित विद्याचरण शुक्ला की अहम भूमिका रही।




श्रद्धांजलि सभा में चातुरीनंद सरायपाली विधायक, खिलावन बघेल पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष, दाऊलाल चंद्राकर पूर्व सदस्य छत्तीसगढ़ शासन, हीरा बंजारे पूर्व मंडी अध्यक्ष, पूर्व प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा, मनोजकांत साहू पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, गुरमीत चावला महामंत्री, अमन चंद्राकर जिला अध्यक्ष युवक कांग्रेस, गौरव चंद्राकर महामंत्री, करण दीवान ब्लॉक अध्यक्ष, सूरज नायक पार्षद, अक्षय साकरकर, नितेंद्र बैनर्जी सेवादल, कातिका पैकरा सचिव शहर कांग्रेस, सोनम रामटेके सचिव शहर कांग्रेस, गोविंदराम साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, मोती साहू, मेहुल सूचक, दिनेश दुबे, रवि साहू, रवि ध्रुव, भानु सोनी एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

